# फिल्म कलंक के प्रमोशन में आलिया भट्ट से ज्यादा स्टनिंग लुक में दिखीं सोनाक्षी सिन्हा



फिल्म कलंक की कहानी में स्वतंत्रता से पूर्व एक संयुक?त परिवार की कहानी को दिखाया गया है जिसके अंदर कई राज छुपे हुए हैं। सभी किरदार अपने संयुक्त परिवार की एकता और उसके सम्मान के लिये संकल्पित नजर आते हैं। माधुरी दीक्षित, सोनाक्षी सिन्हा, आलिया भट्ट, वरुण धवन, आदित्य रॉय कपूर और संजय दत्त के साथ करण जौहर साल 2019 में लेकर आ रहे है फिल्म कलंक। फिल्म कलंक एक 2019 की एक पीरियड ड्रामा है। फिल्म कलंक का निर्देशन अभिषेक वर्मन ने किया है। फिल्म कलंक इसी साल 17 अप्रैल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म कलंक की कहानी में स्वतंत्रता से पूर्व एक संयुक्त परिवार की कहानी को दिखाया गया है जिसके अंदर कई राज छुपे हुए हैं। सभी किरदार अपने संयुक्त परिवार की एकता और उसके सम्मान के लिये संकल्पित नजर आते हैं। फिल्म कलंक की पूरी कास्ट कलंक के प्रमोशन में जुटी हुई है कोई टीवी पर तो कोई न्यूज चौनल पर फिल्म कलंक की तारीफे कर रहे है। हाल में यह स्टार्स Super Dancer Chapter 3 के सेट अपनी फिल्म को प्रमोट करने पहुंचे जिसकी जज शिल्पा शेट्टी हैं। इन सभी ने खूब धमाल मचाया और जमकर मस्ती की। वहीं आलिया-वरुण की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली। बात इनके लुक की करें तीनों सितारों ने अपने ट्रेडीशनल अंदाज से सभी का दिल जीत लिया।

शिल्पा शेट्टी के शो Super Dancer Chapter 3 में आलिया भट्ट ने फेमस डिजाइनर अनीता डोंगरे की पिच अनारकली ड्रेस पहनी हुई थी। आलिया भट्ट अनारकली ड्रेस में काफी खूबसूरत लग रही थी। उन्होंने नैट दुपट्टा व खूबसूरत चांदबाली स्टाइल ईयररिंग्स कैरी किए। सोनाक्षी सिन्हा लेकिन इस मौके पर आलिया भट्ट को लुक में मात देती दिखीं। सोनाक्षी सिन्हा ने डिजाइनर अनामिका खन्ना की फ्लोरल प्रिंटेड इंडो-वैस्टर्न ड्रैस पहनी। सोनाभी ने व्हाइट क्रॉप ब्लाउज के साथ प्रिंटेड शरारा स्टाइल फ्लेयर्ड पेंट पहनी जिसके साथ उन्होंने डस्टर जैकेट कैरी की।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## धीरे- धीरे कम होने लगे सपना चौधरी के कपड़े

# देसी क्वीन से बनी बॉल्ड लेडी



दरअसल खबरें थी की सपना चौधरी कांग्रेस ज्वाइन करने वाली हैं। सपना चौधरी ने कांग्रेस में शामिल होने वाले दस्तावेज भी साइन कर दिये थे लेकिन आधिकारिक घोषणा से पहले ही सपना चौधरी ने कांग्रेस में शामिल होने से मना कर दिया था।

तेरे आख्या को यो काजल मने करे से गोरी घायलश् हरियाणवी गाने की देसी डांसर सपना चौधरी के ठुमको के लाखों दिवाने है।

सपना जैसे ही स्टेज पर आते है लोग सीटियां बजाना शुरू कर देते है शोर मचाना लगते है। सपना की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। सपना चौधरी के लिए 2018 और 2019 काफी खास रहा। इसी को देखते हुए सपना चौधरी राजनीतिक पारी शुरू करने के मूड में थी। लेकिन एक रात में ही सपना चौधरी ने राजनीति में आने से इंकार कर दिया। दरअसल खबरें थी की सपना चौधरी कांग्रेस ज्वाइन करने वाली हैं। सपना चौधरी ने कांग्रेस में शामिल होने वाले दस्तावेज भी साइन कर दिये थे लेकिन आधिकारिक घोषणा से पहले ही सपना चौधरी ने कांग्रेस में शामिल होने से मना कर दिया था। अब इंकार क्यों किया इसका सही कारण तो सपना चौधरी ही बता सकती हैं।

सपना चौधरी ने अपने करियर की शुरूआत हरियाणवी रागनी के साथ शुरू की थी। सपना चौधरी हरियाणवी गाने पर डांस करती थी। सूट सलवार पहने देसी लुक में सपना के डांस को लोग ज्यादा पसंद नहीं करते थे। इसी के चलते सपना सुर्खियों में आई। सुर्खियों में आने के बाद सपना चौधरी को लोग जानने लगे। सोशल मीडिया पर भी सपना काफी एक्टिव थी, लगातार उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ रही थी। लेकिन एक दिन सपना की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल होने लगी। इन तस्वीरों में सपना चौधरी एक होटल के कमरे में खड़ी थी मुंह छिपा कर तो दूसरी तरफपुलिस वाले खड़े थे। इसके बाद सपना को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा। जिसके बाद सपना से विवादित बयान भी दिया। इसके बाद से ही सपना चौधरी और विवादों का नाता गहरा होता चला गया। विवाद से नाता होने के कारण सपना को लोग ट्रोल भी करते थे जिसके बाद हरियाणा की जानी मानी डांसर और सिंगर सपना चौधरी ने आत्महत्या करने की कोशिश भी की थी। सोशल मीडिया पर अपने चरित्र को लेकर उड़ाई जा रही अफवाहों से दुखी होकर सपना ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। 6 पन्नों के सुसाइड नोट में सपना ने आपबीती लिखी है।

आत्महत्या की कोशिश के बाद सपना चौधरी बड़े चौनलों की हेडलाइन बनी और यहीं से तय किया माया नगरी का रास्ता। सपना चौधरी अपने विवादों के कारण सलमान खान के विवादित शो बिग- बॉस में पहूंची। बिग-बॉस में भी सपना ने अपने कारनामों से खूब उत्पात मचाया। लेकिन बिग-बॉस ने सपना की जिंदगी पलड़ दी। सपना के पाल बड़ी फिल्मों से आइटम डांस के ऑफर भी आने लगे। आज उनके पास कई बॉलीवुड प्रोजेक्ट हैं। लेकिन देसी क्वीन के नाम से जानी-जाने वाली सपना चौधरी के कपड़े अब धीरे-धीरे कम होने लगे है। सपना चौधरी अब शायद देसी सपना नहीं रहीं। जिनके ठुमको का दीवाना था हरियाणा।



सपना चौधरी को अब बॉलीवुड की हवा लग गई है।



## रहमान ने 'एवेंजर्स- एंडगेम' के नए गानों के लिए

# इंडिया मार्वेल से हाथ मिलाया

मशहूर संगीतकार ए आर रहमान ने ''एवेंजर्स रू एंडगेम'' के लिए सभी नए गीतों को हिंदी, तमिल और तेलुगु में पेश करने के वास्ते मार्वेल इंडिया से हाथ मिलाया। ये गीत एक अप्रैल को रिलीज होंगे। यह एवेंजर्स सीरीज की फिल्मों के भारतीय प्रशंसकों के लिए खुशी की बात है। एवेंजर्स सीरीज की फिल्में भारत में भी बहुत लोकप्रिय हैं। रहमान ने एक बयान में कहा, ''मेरे अपने परिवार में मार्वेल प्रशंसकों से घिरे होने के चलते मुझ पर कुछ बहुत अच्छा पेश करने का काफी दबाव था और इसके लिए मैंने 'एवेंजर्स रू एंडगेम' को चुना। मुझे उम्मीद है कि मार्वेल प्रशंसक और संगीत प्रेमी इस ट्रैक को पसंद करेंगे।'' मार्वेल इंडिया के स्टूडियोज के प्रमुख बिक्रम दुग्गल ने कहा, '''एवेंजर्स रू एंडगेम' केवल एक फिल्म नहीं है बल्कि भारत में हर जगह मौजूद प्रशंसकों के लिए भावुक यात्रा है। ऑस्कर पुरस्कार विजेता ए आर रहमान की मूल कम्पोजिशन देशभर में प्रशसकों के बीच मार्वेल के लिए प्यार का जश्न मनाने का सबसे अच्छा तरीका है।''